बिहार सरकार
निर्वाचन विभाग
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय
7, सरदार पटेल मार्ग (मैंगल्स रोड), बिहार, पटना–800015

दूरभाष सं0:– 0612–2217956
फैक्स:– 0612–2215611 / 2215978
ई–मेल:– ceo_bihar@eci.gov.in

प्रेस विज्ञप्ति

पटना – 25 अप्रैल, 2024

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशन में बिहार राज्य निर्वाचन विभाग निष्पक्ष, स्वच्छ एवं स्वस्थ चुनाव कराने के लिए कृतसंकल्प है। एक ओर जिलों में मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण तथा समस्त गतिविधियों के संचालन का प्रशिक्षण जोर–शोर से चालू है, साथ ही समस्त तैयारियाँ भी प्रगति पर हैं।

ज्ञातव्य है कि लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 के चौथे चरण में पाँच (05) लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों (दरभंगा, उजियारपुर, समस्तीपुर–अ0जा0, बेगूसराय एवं मुंगेर) के लिए आज दिनांक 25.04.2024 को नामांकन का अंतिम दिन था। उक्त पाँच (05) लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों में नामनिर्देशन की स्थिति निम्नवत् है:–

लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र का नाम	क्र0	अभ्यर्थी का नाम	दल सम्बद्धता	अब तक कुल अभ्यर्थियों की संख्या
दरभंगा	01	सुरेन्द्र दयाल सुमन	सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्युनिस्ट)	20
	02	आफताब आलम	निर्दलीय	
	03	दुर्गानन्द महावीर नायक	बहुजन समाज पार्टी	
	04	संजय पासवान	देश जनहित पार्टी	
	05	मो0 कलाम	निर्दलीय	
	06	मिथिलेस महतो	निर्दलीय	
	07	मनोज कुमार	राष्ट्रीय समाज पक्ष	
	08	भगवान ठाकुर	निर्दलीय	
	09	देवनारायण गुप्ता	निर्दलीय	
	10	योगेश रंजन	प्राउटिष्ट सर्व समाज	
	11	मो0 अबू जफर	भारतीय जवान किसान पार्टी	
उजियारपुर	01	मोहन कुमार मौर्य	बहुजन समाज पार्टी	23
	02	राम लगन राय	बिहार जस्टिस पार्टी	
	03	किशोर कुमार	निर्दलीय	
	04	संतोष राय	राष्ट्रीय जन संभावना पार्टी	
	05	अंशु कुमार	सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी	
	06	अरूण कुमार यादव	निर्दलीय	
	07	राम करण पासवान	निर्दलीय	
	08	आमोद कुमार	निर्दलीय	
	09	नरेंद्र गिरी	निर्दलीय	
	10	अमन कुमार झा	समता पार्टी	
	11	शत्रुघ्न साह	निर्दलीय	

समस्तीपुर–अ0जा0	01	मुकेश चौपाल	निर्दलीय	14
	02	अजय कुमार दास	राष्ट्रीय समाज पक्ष पार्टी	
	03	महेंद्र महतो	निर्दलीय	
	04	अमृता कुमारी	निर्दलीय	
बेगूसराय	01	वत्स पुरूषोत्तम	निर्दलीय	14
	02	रामउदगार	सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्युनिस्ट)	
	03	चन्दन कुमार दास	बहुजन समाज पार्टी	
	04	रामवृक्ष कुमार (कुमार आर0वी0)	निर्दलीय	
	05	राज कुमार साह	अखिल भारतीय परिवार पार्टी	
मुंगेर	01	आदित्य सिंह मधुकर	निर्दलीय	13
	02	पंकज कुमार	निर्दलीय	
	03	कुमार नवनीत हिमांसु	बहुजन समाज पार्टी	
	04	ए0 के0 सिंह 'अशोक'	निर्दलीय	
	05	प्रवाल कुमार	निर्दलीय	
	06	शंकर प्रसाद विन्द	निर्दलीय	

प्राप्त सूचनानुसार लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 के लिए आदर्श आचार संहिता के तहत राज्य में वाहन दुरूपयोग के संदर्भ में औरंगाबाद जिलांतर्गत एक (01) केस प्रतिवेदित है। लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के मामले में भागलपुर जिलांतर्गत एक (01) केस प्रतिवेदित है तथा तदनुसार एक (01) एफआईआर दर्ज है। अवैध बैठक/भाषण आदि के संदर्भ में आठ (08) मामले प्रतिवेदित हैं जो क्रमेण इस प्रकार हैं–औरंगाबाद जिलांतर्गत एक (01), पूर्वी चम्पारण जिलांतर्गत पाँच (05) एवं सहरसा जिलांतर्गत दो (02)। इस संदर्भ में सात (07) एफआईआर दर्ज हैं।

पुनः आदर्श आचार संहिता के तहत सम्पत्ति विरूपण के संदर्भ में लोक सम्पत्ति के तहत एक (01) मामला तथा निजी सम्पत्ति के तहत एक (01) मामले राज्य में प्रतिवेदित हैं।

दिनांक 24.04.2024 को कुल **₹4.86900**(लाख) रूपये नगद बरामद किये गये हैं। कुल जब्त लीकर–20152.17(लीटर) की सूचना प्राप्त हुई है जिसका मूल्य **₹58.20403**(लाख) रूपये हैं। जहाँ तक ड्रग्स तथा नारकोटिक्स की बात है तो कुल **₹40.73900**(लाख) रूपये मूल्य के 103685.30(ग्राम) की मात्रा जब्त की गई है। मुफ्त/अन्य सामग्रियों के तहत कुल **₹89.80502**(लाख) रूपये मूल्य की 20064.80 सामग्रियों को जब्त किया गया है। इस प्रकार कुल **₹193.61705**(लाख) रूपये मूल्य की कुल जब्ती प्रतिवेदित है।

प्राप्त सूचनानुसार आदर्श आचार संहिता के दिनांक 16.03.2024 से लागू होने से लेकर दिनांक 24.04.2024 तक राज्य में कुल **₹529.19695**(लाख) रूपये नगद बरामद किये गये हैं। कुल जब्त लीकर–902039.77(लीटर) की सूचना प्राप्त हुई है जिसका मूल्य **₹3144.06371**(लाख) रूपये हैं। जहाँ तक ड्रग्स तथा नारकोटिक्स की बात है तो कुल **₹2738.82446**(लाख) रूपये मूल्य के 6367215.89(ग्राम) की मात्रा जब्त की गई है। वहीं कीमती धातुओं की बात है तो कुल **₹811.04696**(लाख) रूपये मूल्य के 73096.70(ग्राम) की मात्रा जब्त की गई है। मुफ्त/अन्य सामग्रियों के तहत कुल **₹5593.32537**(लाख) रूपये मूल्य की 17360565.44 सामग्रियों को जब्त किया गया है। इस प्रकार कुल **₹12816.45744**(लाख) रूपये मूल्य की कुल जब्ती प्रतिवेदित है।